## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर आज जिले में आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

**कटनी।** देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मज़बूती प्रदान करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वें जन्मोत्सव पर शुक्रवार 31 अक्टूबर को ₹राष्ट्रीय एकता दिवस₹ मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तर में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। सभी सरकारी कार्यालयों में 31 अक्टूबर को ₹एकता दिवस₹ की शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। एकता दिवस पर सभी पुलिस थाना स्तर पर प्रातः 8 बजे से ₹एकता दौड़₹ (रन फॉर यूनिटी) का आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ स्थानीय जन-प्रतिनिधियों के नेतृत्व में आम जनता की व्यापक भागीदारी से आयोजित की जाएगी।

### भवन अनुज्ञा के लंबित प्रकरणों का करें शीघ्र निराकरण

**कटनी।** निगमायुक्त तपस्या परिहार भवन अनुज्ञा प्राप्त करने हेतु कुल प्राप्त आवेदनों एवं लंबित आवेदनों की समीक्षा कर लंबित प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके पूर्व भवन अनुज्ञा प्रदान किये जाने हेतु प्लाट वेरिफिकेशन के दौरान वैध-अवैध कॉलोनी सहित मास्टर प्लान के निर्धारित पैरामीटर अनुरूप विभिन्न चरणों में की जाने वाली कार्यवाही एवं विकास शुल्क की गणना की जानकारी ली। वहीं बिना अनुमति एवं अनुमति विपरीत भवन निर्माण करने वालों पर की जाने वाली कार्यवाही से अवगत होते हुए शासन निर्देशानुसार कंपाउंडिंग की कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए।

### रैली में छात्र- छात्राओं ने दिया स्वच्छता का संदेश

**कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को निगम की सहयोगी संस्था ओम साई विजन की आईईसी टीम द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता के प्रति नागरिकों और बच्चों में स्वच्छता की आदतें विकसित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वीर सावरकर वार्ड क्रमांक 12, स्थित अक्षर नंदन हायर सेकेंडरी स्कूल में जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वच्छता के नारे लगाते हुए जन-जन तक स्वच्छता का संदेश पहुंचाया।इसके साथ ही शाला परिसर में स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया जाकर उपस्थित छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें स्वच्छता की आदतें विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया और डोर-टू-डोर अभियान के माध्यम से कचरा पृथक्करण के बारे में जानकारी दी गई व अलग-अलग कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### फसलों में 40 से 50 फीसदी के नुकसान का अनुमान, सर्वे करा मुआवजे की मांग

# बारिश बनी आफत, फसलें हो रही तबाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



मौसम के करवट बदलते ही जिले भर में कहीं मध्यम तो कहीं हल्की बारिश हो रही है। बेमौसम बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अन्नदाता संकट के दौर से गुजर रहे हैं। विगत चार दिनों से मौसम बदलाव चल रहा है। बुधवार की शाम को झमाझम बारिश तो गुरुवार को दिनभरस्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय में सहित ग्रामीण अंचलों में रुकरूककर बारिश का दौर चलता रहा। बारिश से किसानों के खेतों में पककर तैयार धान की खड़ी फसल खेतों में बिछने के नजारे दिखाई दिए।

किसानों का कहना है कि बेमौसम बारिश से किसानों की करीब 30 से 40 प्रतिशत फसलों का नुकसान होने का अनुमान है। बारिश होने से खेत की खड़ी फसल के दाने काले पडऩे और गुणवत्ता प्रभावित होने का अनुमान है। पहले से ही धान की उपज मै रोगों के प्रकोप से उत्पादन कम गया है। वही अब बारिश ने किसानों की कमर तोड़ रखी है!किसानों के अनुसार बारिश से खड़ी और कटी दोनों फसल को नुकसान हुआ है। दाने काले पड़ जाते हैं और एफएक्यू मापदंड में नहीं आने से उन्हें फसल का वाजिब दाम नहीं मिल पाता है।

किसानों का कहना है कि महीने भर का वक्त गुजर रहा है, मौसम पूरी तरह से साफ नहीं हो पाया है। खेतों में पककर तैयार हल्की प्रजाति की धान फसल की कटाई फिलहाल किसानों ने शुरू कर दी है। लेकिन बुधवार से मौसम को देखते हुए एक बार फिर कटाई का काम रूक गया है। बहोरीबंद विकासखंड में इस वर्ष खरीफ सीजन का रकबा 28 हजार हैक्टेयर है, जिसमें 25 हजार हैक्टेयर मै धान की फसल लगाई गई है।समूचे विकासखंड मै अभी तक मात्र 20 फीसदी फसल की ही कटाई हुई है, शेष 80 फीसदी फसल खेतों मै अधपकी व पकी ख़डी हुई है। बुधवार की शाम ओर गुरुवार की दिनभर बारिश होने से विकासखंड से खेतों के खेतों में बड़ी मात्रा में पानी भर जाने के दृश्य सामने आ रहे हैं।

बारिश से खेतों में पानी भर गया और किसानों की आधे से अधिक फसलों के दाने काले पडऩे की जानकारी किसान दे रहे हैं।मौसम विभाग का अलर्ट-मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिश की चेतावनी जारी की है।अभी 31 अक्टूबर व 1 नवंबर तक बारिश की संभावना व्यक्त की गई है। लगातार बारिश से धान की कटाई पूरी तरह रुक गई है। किसानों की चिंता बढ़ गई है।बारिश होने से धान की फसल प्रभावित हुई है। कई किसानों के खेतों में पानी भर गया है, कटाई के लिए तैयार खड़ी फसलें बर्बाद होने की कगार पर हैं।

किसानों ने बताया कि उनकी फसल को 35 से 40 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है। क्षेत्र के कई गांवों में जिन किसानों ने पहले ही कटाई कर ली थी और फसल को खेत के किनारों या खलिहान में रखा था, उनकी धान भी लगातार भीगने से सडऩे लगी है। किसानों ने बताया कि उनकी कटी हुई धान बारिश में पूरी तरह भीग चुकी है और यदि मौसम जल्द साफ नहीं हुआ तो पूरी फसल खराब हो जाएगी। किसानों ने सरकार से आग्रह किया है कि वे जल्द से जल्द फसल क्षति का आंकलन कर मुआवजा घोषित करें। उनका कहना है कि यदि समय पर आर्थिक सहायता नहीं मिली, तो यह नुकसान उनके परिवारों की आजीविका पर गंभीर असर डालेगा।

#### इनका कहना है

बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडेय का कहना है कि बे मौसम बारिश होने से धान फसल नुकसान की बातें सामने आ रही है!किसानों को उनकी नुकसानी फसलों का मुआवजा मिल सके इसके लिए सरकार हसंभव किसानों के साथ ख़डी है!किसानों की फसल क्षति नुकसानी केसर्वे कराने राजस्व व कृषि विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिए जायेंगे।

वहीं एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया का कहना है कि बारिश से धान की फसल को नुकसान होने की बात सामने आ रही है। कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग की टीमें प्रभावित इलाकों में पहुंचकर नुकसान का आंकलन करेंगी ।नुकसानी की बात आयेगी तो मुआवजा दिलाने के लिए प्रकरण जिला प्रशासन- शासन स्तर पर भेजा जायेगा।



# आंवला वृक्ष की 108 परिक्रमा कर की सुख समृद्धि की गई कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

स्लीमनाबाद क्षेत्र मे गुरुवार को अक्षय नवमी का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया।जिसे आंवला नवमी के नाम से भी जाना जाता है।जिस कारण आंवले वृक्ष के नीचे महिलाओं की भीड़ उमड़ी। स्लीमनाबाद सिंहवाहिनी महिला मंडल की सदस्य जो कार्तिक व्रतधारी महिलाये है सुबह स्नान कर सामूहिक रूप से आंवला वृक्ष की पूजा अर्चना की ।साथ ही आंवला वृक्ष की 108 परिक्रमा कर भगवान विष्णु से अक्षय फल की प्राप्ति और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की गई।साथ ही पूजा-अर्चना के बाद पेड़ की छांव में बैठकर परिवार सहित भोजन का आनंद लिया।

#### तपस कुंड धाम में लगा मेला

स्लीमनाबाद स्थित तपस कुंड धाम मैं आंवला नवमी के चलते गुरुवार को मेला जैसा माहौल रहा।सुबह से महिलाओं की भारी भीड़ एकत्रित हुई।जहां आंवला वृक्ष की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।आंवले के पेड़ की पूजा कर गाय का कच्चा दूध अर्पित कर परिक्रमा की गई।साथ ही महिलाओ के द्वारा आंवले के पेड़ के नीचे बैठकर संतान प्राप्ति और उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए कामना की गई। साथ आंवला के पेड़ के नीचे बैठकर वनभोज का आनंद लिया गया। वनभोज का आनंद लेने परिवारजन भी साथ मैं पहुँचे।

पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया अक्षय नवमी के दिन भगवान श्रीहरि विष्णु आंवला के पेड़ पर विराजमान रहते है। ऐसा माना जाता है कि कृष्ण ने बाल लीलाएं छोड़कर अपनी जिम्मेदारियों को समझा था और मथुरा का त्याग किया था, इसलिए उस दिन को आंवला नवमी के रूप में पूजते हैं।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण

# महापौर सूरी ने विद्यालय में आयोजित एफ.एल.एन. मेले का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर निगम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने गुरुवार को शासकीय माध्यमिक शाला रॉबर्ट लाइन में आयोजित एफ.एल.एन. (फाउंडेशन लिटरेसी एंड न्यू मेरसी) मेले का निरीक्षण किया। इस दौरान एम आई सी सदस्य गोविंद चावला, पार्षद वंदना राजकिशोर यादव सहित शाला प्राचार्य के.एल पटेल सहित शाला स्टाफ की मौजूदगी रही।

#### मॉडलों का अवलोकन

इस दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों, मॉडलों और शिक्षण सामग्रियों का अवलोकन कर बच्चों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने शिक्षकों से मेले की तैयारियों एवं शिक्षण पद्धति की जानकारी ली तथा विद्यार्थियों से संवाद कर उनको निरंतर अध्ययन और नवाचार की दिशा में प्रोत्साहित किया।महापौर ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों की रचनात्मकता एवं सीखने की क्षमता को बढ़ावा देते हैं और विद्यालयी शिक्षा को रोचक बनाते हैं।

निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा शाला स्टाफ के साथ मिलकर एक पेड़ मां के नाम के नीम के पौधे का रोपण भी किया। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य द्वारा शाला परिसर में पानी की समुचित व्यवस्था की मांग किए जाने पर महापौर श्रीमती सूरी द्वारा उक्त समस्या का शीघ्र निराकरण किए जाने का आश्वासन दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान श्रीमती प्रेमलता पटेल, नीलम तिवारी, सरिता तिवारी, सुनीता पाठक, निधि चतुर्वेदी, रश्मि बाला सेन, वंदना मिश्रा मदन गोपाल हल्दकार, ओंकार प्रसाद त्रिपाठी, हरकेश सिंह सहित छात्र छात्राओं की मौजूदगी रही।

# विद्यार्थियों के खाते में 6.72 करोड़ की राशि अंतरित



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से कटनी जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत 1 लाख 9 हजार 921 विद्यार्थियों के खातों में समेकित छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत कुल 6 करोड़ 72 लाख 2 हजार 550 रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। इस दौरान कटनी के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां मुख्यमंत्री डॉ. यादव के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को यहां बड़ी संख्या में मौजूद विद्यार्थियों ने देखा और सुना। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्याम सिंह मरावी, सहायक संचालक राजेश अग्रहरी एवं संस्था के प्राचार्य एम. किडो मौजूद रहे। जिला स्तरीय कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने और विद्यार्थियों तक सीधा प्रसारण सुनिश्चित करने में नारायण मिश्रा आई इंस्ट्रक्टर ने तकनीकी सहायता प्रदान की। जिले के कुल 153 विद्यालयों में इस कार्यक्रम को प्रसारित किया गया।

### जिला पंचायत की सीईओ ने गुणवत्ताहीन कार्य जाने पर बरती सख्ती

# करहिया नंबर- 1 के सरपंच से वसूली जाएगी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जनपद पंचायत रीठी की ग्राम पंचायत करहिया नंबर-1 के सरपंच देवराज लोधी को वरिष्ठ कार्यालय के आदेशों की अवहेलना एवं गुणवत्ता विहीन सामुदायिक भवन निर्माण कार्य कराए जाने पर जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने सख्ती बरतते हुए मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 89 में वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर वसूली योग्य राशि का निर्धारण करते हुए धारा 40 में वर्णित प्रावधानों के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की है। प्रेषित प्रस्ताव पर विहित अधिकारी, न्यायालय द्वारा आगे विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

#### यह है मामला

संचालक, सह आयुक्त पंचायत राज संचालनालय मध्यप्रदेश द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अधो संरचना योजना के अंतर्गत फरवरी, 2024 में ग्राम पंचायत करहिया नंबर 1 में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 15 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया था। ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव द्वारा ईंट के स्थान पर पत्थर की जुड़ाई एवं निर्धारित मात्रा से कम मात्रा में सरिया लगाया जाकर गुणवत्ताहीन कार्य कराया गया। जनपद पंचायत रीठी से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरती जाने पर सचिव श्री करन सिंह को निलंबित किए जाने की कार्रवाई माह सितम्बर 2025 में की जा चुकी है।

जिला पंचायत द्वारा करहिया नंबर एक के सरपंच देवराज लोधी को सितंबर एवं अक्टूबर 2025 में उक्त प्रकरण के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर प्रतिवाद प्रस्तुत करने लेख किया गया। किंतु श्री लोधी द्वारा वरिष्ठ कार्यालय की अवहेलना करते हुए प्रतिवाद प्रस्तुत नहीं किया गया। फलस्वरुप जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर द्वारा उक्त कार्रवाई प्रस्तावित की गई।

### कैमोर के वार्ड क्रमांक 14 का मामला, अवैध निर्माण पर होगी सख्त कार्यवाही

# अवैध निर्माण पर नगर परिषद ने जारी किया नोटिस, दो सप्ताह में दस्तावेज पेश करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



औद्योगिक नगरी कैमोर में जगह जगह किये गए अवैध अतिक्रमण एवं बिना अनुमति भवन निर्माण करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने नगर परिषद कैमोर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।

नगर परिषद कैमोर ने वार्ड क्रमांक 14 ईदगाह के पास किए गए अवैध निर्माण पर नोटिस जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि बिना सक्षम अनुमति के बनाए गए निर्माण कार्य पर अब कोई रियायत नहीं दी जाएगी। नगर परिषद द्वारा जारी नोटिस में संबंधित व्यक्ति को 14 नवंबर 2025 को दस्तावेज़ों सहित नगर परिषद कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। अनुपस्थिति या असंतोषजनक जवाब की स्थिति में म.प्र. नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 187 और 223 के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की कार्यवाही भी शामिल है।

#### चलेगा अभियान

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि कानून से ऊपर कोई नहीं चाहे वह अपराधी हो या प्रभावशाली व्यक्ति। नगर परिषद और प्रशासन मिलकर क्षेत्र में अवैध कब्जों और निर्माणों के खिलाफ सख्त अभियान चला रहा है।

#### नोटिस से मचा हड़कंप

इस नोटिस की प्रतिलिपि कलेक्टर कटनी, परियोजना अधिकारी (डीयूडीए), एसडीएम विजयराघवगढ़, तहसीलदार और नगर परिषद अध्यक्ष/उपाध्यक्ष को भी भेजी गई है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि पूरा प्रशासन इस कार्रवाई में एकमत है। प्रशासन की इस सख्त कार्यवाही से अब कैमोर और आसपास के क्षेत्रों में अवैध निर्माणकर्ताओं और दबंगों में हड़कंप मचा हुआ है।

#### की जाएगी कार्यवाही

अवैध निर्माण को लेकर नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि बिना अनुमति निर्माण करने वालों पर म.प्र. नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 187 और 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### निगमायुक्त नें विभागीय कार्यो की समीक्षा कर दिये दिशा-निर्देश

# नगर के मुख्य मार्गो की सुगम आवागमन व्यवस्था हेतु करें मार्किंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा गुरुवार को भवन अनुज्ञा शाखा, फायर सेफ्टी प्लान, कालोनी सेल एवं अतिक्रमण शाखा के कार्यो की समीक्षा की जाकर अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने कहा कि विभागीय अधिकारी निर्धारित पैरामीटर्स के अनुरूप विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें तथा उसी के अनुरूप कार्यवाही करना सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधा प्राप्त हो सके।

#### फायर एनओसी नहीं लेने वालों की करें संयुक्त जांच

आयुक्त सुश्री परिहार द्वारा बैठक में सर्वप्रथम फायर सेफ्टी प्लान अप्रूवल कार्य के संपूर्ण चरणों की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, नियुक्त कंसलटेंट, स्वीकृत एवं अस्वीकृत प्रकरणों के साथ ही निर्धारित मापदंडों के तहत अब तक नगर के विभिन्न भवनों, संस्थानों, स्कूल, कॉलेज, होटल, मॉल, मैरिज गार्डन, चिकित्सालयों द्वारा फायर सेफ्टी प्लान अप्रूवल पश्चात सर्टिफिकेट लिये जाने की समीक्षा की गई। निगमायुक्त नें निर्देशित किया कि राजस्व अमले के साथ नगर का भ्रमण कर फायर सेफ्टी के मानदंडों के अनुरूप किन-किन भवनों एवं संस्थानों का सुरक्षा की दृष्टि से फायर सेफ्टी प्लान अप्रूवल लेना आवश्यक है उनकी प्राथमिकता से जांच कराते हुए सूची प्रस्तुत करें। निगमायुक्त सुश्री परिहार ने फायर सेफ्टी रिन्यूअल एवं फायर आडिट रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा पर प्रस्तुत नहीं करने वालों पर भी नियमानुसार नोटिस दिया जाकर पेनाल्टी की कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान निगमायुक्त सुश्री परिहार नें कार्य के दौरान आ रही समस्याओं की जानकारी से अवगत होकर आपसी समन्वय से कार्य करने हेतु निर्देशित किया।

निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा निगम के अतिक्रमण विभाग द्वारा स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण पर की जाने वाली दैनिक कार्यवाही, समग्री जब्ती एवं वापसी की प्रक्रिया, जुर्माना, सहित नो पार्किंग जोन में विभाग द्वारा की जाने वाली कार्यवाही की समीक्षा की गई। वहीं नगर के मुख्य मार्गो की सुगम यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए स्थाई अतिक्रमण हटानें की स्थलवार जानकारी का कैलेंडर तैयार कर मुख्य मार्गो के किनारे लाईनिंग खिचवाते हुए अतिक्रमण को चिन्हित कर नोटिस एवं अतिक्रमण हटानें की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जबकि स्ट्रीट वेंडर्स एवं फुटकर सब्जी विक्रेताओं की उचित बैठक व्यवस्था हेतु मुड़वारा स्टेशन के समक्ष निर्मित हाकर्स जोन की व्यवस्थाएं दुरूस्त करनें के साथ ही अन्य स्थलों का चयन करनें के निर्देश अतिक्रमण प्रभारी को दिए।

# बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गई एसआईआर प्रक्रिया की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर के बारे में जानकारी देने एसडीएम राकेश चौरसिया की विशेष मौजूदगी में गुरुवार को एसडीएम कार्यालय बहोरीबंद मै राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत शुद्ध मतदाता सूची तैयार करने से संबंधित प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

बैठक के दौरान मास्टर ट्रेनर मनोज गर्ग द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुये बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मृत, स्थानांतरित, डुप्लीकेट व अपात्र मतदाता हटाने का काम किया जायेगा। साथ ही नए पात्र मतदाता जोड़े जायेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मुद्रण व प्रशिक्षण का कार्य 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक किया जायेगा। घर-घर गणना का काम 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक होगा।

प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसम्बर को किया जायेगा। इस सूची से संबंधित दावे व आपत्तियां 9 दिसम्बर से 8 जनवरी तक प्राप्त की जायेंगीं। संबंधित रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नोटिस दिए जाने अर्थात सुनवाई व प्रमाणीकरण का चरण 9 दिसम्बर से 31 जनवरी तक चलेगा। वहीं अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### नई पाइप लाइन का कार्य बंद होने से ग्रामीणों में आक्रोश

**सिलौंडी।** सिलौंडी में प्रधान मंत्री की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल और नई पाइप लाइन टंकी का कार्य 2 करोड़ 30 लाख की लागत से स्वीकृत हुआ ।ठेकेदार ने फरवरी 2025 और मार्च 2025 में 30 लोगो को नया कनेक्शन दिया । इसके बाद नई पाइप लाइन बिछाने का कार्य संगम कॉलोनी से शुरू किया ।संगम कॉलोनी से आगनवाड़ी केंद्र तक सड़क में खोद दी नई पाइप लाइन डालने को परंतु सड़क खोदने के बाद ठेकेदार ने कार्य बंद कर दिया। छह माह से सड़क खोदी पड़ी है मगर ठेकेदार जल जीवन मिशन का कार्य शुरू नही कर रहा है जिसके कारण ग्राम के लोग बहुत बहुत परेशान है ।मां वीरासन देवी दरबार में कलेक्टर की जनसुनवाई में भी सरपंच पंचों बाई ,उपसरपंच राहुल राय सहित ग्राम के पंच गण ने कलेक्टर को शिकायत भी किया ।परंतु अभी तक जल जीवन मिशन का कार्य बंद है ।पूरे गांव में नई पाइप लाइन और टंकी निर्माण जैसे आवश्यक कार्य नही होने से ग्रामीण आक्रोशित है ।यदि जल्द से जल्द सिलौंडी में जल जीवन मिशन का कार्य शुरू नही हुआ तो उग्र आंदोलन होगा ।

### एकादशी पर कटायेघाट 15 हजार दीयों से होगा रोशन

**कटनी।** देव प्रबोधिनी एकादशी के अवसर पर 1 नवंबर, 2025, विक्रम संवत – 2082, कार्तिक शुक्ल एकादशी पर सायं दीपोत्सव पर्व-2025 के तहत कटनी के कटायेघाट में 15 हजार दीप प्रज्ज्वलन एवं 5 पंडितों द्वारा महाआरती की जायेगी। इन दीपों से श्रीरामचंद्र जी, माता सीता, माँ नर्मदा, माँ मंदाकिनी की दीप आराधना की जाएगी। संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल ने बताया कि दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही भक्ति संगीत संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। भक्ति संगीत संध्या में शनिवार की शाम 6:30 बजे कटायेघाट में ख्यातिलब्ध कलाकार एवं नर्मदापुरम के भक्ति गायक नमन तिवारी एवं साथी भाग लेंगे। यह आयोजन श्रीरामचन्द्र पथ गमन न्यास, संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से संयोजित किया जाएगा।

### सेवानिवृत्त दो पंचायत सचिवों को दी गईं विदाई



**स्लीमनाबाद।** बहोरीबंद जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सलैया कुआँ में पदस्थ पंचायत सचिव कुसुम परौहा ओर ग्राम पंचायत मझगवाँ में पदस्थ सचिव गोपाल सिंह ठाकुर अपनी शासकीय नौकरी पूर्ण कर 30 अक्टूबर गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गये!सेवा निवृत्त होने विदाई कार्यक्रम जनपद सभागार बहोरीबंद मै आयोजित किया गया जहाँ ग्राम पंचायत सचिवों व रोजगार सहायको के द्वारा शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जनपद सीईओ अभिषेक कुमार, राजभान हल्दकार, मनीष मिश्रा, धूप सिंह पटेल सहित ग्राम पंचायतो के सचिव व रोजगार सहायको की उपस्थिति रही।

### प्रकाश पर्व पर भव्य प्रभात फेरी का आयोजन

**कटनी।** सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देवजी के 556वें प्रकाश पर्व के अवसर पर कटनी में एक भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन श्री गुरु संगत सचखण्ड दरबार साहिब, बाबा नारायण शाह वार्ड द्वारा किया जा रहा है, जो 30 अक्टूबर से 03 नवंबर तक प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से शुरू होगा।31 अक्टूबर 2025 को प्रभात फेरी का विशेष मार्ग बंगला लाइन, श्री आत्माराम साहिब दरबार, पी. एम. धर्मकांटा, लक्ष्मी साइकिल वालों के घर, और कारड़ा वालों के घर होते हुए ग्राम पंचायत तक होगा। फेरी का समापन पुनः श्री गुरु संगत सचखण्ड दरबार साहिब में होगा।आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित मुख्य मार्गों पर ही प्रभात फेरी के दर्शन लाभ लें। इस आयोजन का उद्देश्य गुरु नानक देव की शिक्षाओं और सिद्धांतों को फैलाना और समाज में प्रेम, भाईचारे का संदेश देना है।

---

**विधायक ने कहा विद्यार्थियों को करे प्रोत्साहित व संस्कारित ताकि बन सके सुसभ्य नागरिक**

# बहोरीबंद ब्लाक के 248 शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में आयोजित हुआ एफएलएन मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

बहोरीबंद विकासखंड मे गुरुवार को सभी 248 प्राथमिक स्कूलों मे फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यू मेरेसी (एफएलएन)मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों की भाषा एवं गणितीय दक्षता को मजबूत करना ओर शिक्षा को खेल एवं गतिविधियों के माध्यम से रोचक बनाना था!यह मेला राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत शुरू की गईं निपुण भारत मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान कौशल का विकास करने के लिए निपुण भारत के नाम से राष्ट्रीय पहल की गई है। इसके अंतर्गत मिशन अंकुर के नाम से कक्षा 1 और 2 के विद्यार्थियों को जिन बुनियादी दक्षताओं में निपुण किया जाना है, उन दक्षता को हासिल करने के लिए गुरुवार को बहोरीबंद विकासखण्ड के 248 शासकीय प्राथमिक स्कूलों में एफएलएन मेला आयोजित किया गया।

प्राथमिक स्कूलों में आयोजित एफएलएन प्रशिक्षण मेला मैं हिंदी अंग्रेजी और गणित विषयों की प्रारंभिक दक्षताओं में बच्चों को कैसे निपुण किया जाए इसके लिए



तैयार की गई पुस्तकें, सहायक सामग्रियों का उपयोग विभिन्न शिक्षण सामग्री का ज्ञान, बच्चों का मूल्यांकन एवं समग्र प्रगति पत्रक तैयार करने का तरीका आदि बिंदुओं के साथ-साथ शालाओं में आ रही चुनौतियां और उपलब्धियो की समीक्षा की गई।विधायक प्रणय पांडेय पहुंचें धूरी स्कूल - बहोरीबंद विकासखंड की शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला धूरी में आयोजित एफएलएन मेला में विधायक प्रणय पांडेय शामिल हुये यहाँ उन्होंने मौजूद कक्षा पहली ओर दूसरी के बच्चों से आत्मीय संवाद किया और उनके द्वारा प्रस्तुत की जा रही रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियों जैसे रंगों की पहचान, सीधी खिची रेखा पर संतुलन बनाकर चलने, चीजों के पृथक्करण आदि का अवलोकन किया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विविध शैक्षणिक खेल, चार्ट प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया। विधायक ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि एफ़एलएन मेला बाल शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने का उत्कृष्ट माध्यम है। उन्होंने यहाँ आए बच्चों के अभिभावकों से आग्रह किया कि मेले में आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को उनकी प्रतिभा निखारने और चीजों की समझ विकसित करने का मौका मिलेगा। यह एक तरह की पैरेंट टीचर मीटिंग का हिस्सा है। आप अपने समक्ष अपने बच्चों की गतिविधियों को देख सकते हैं।विधायक ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी पहल न केवल बच्चों के बौद्धिक और मानसिक विकास में सहायक हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, संवाद कौशल और सीखने की रुचि भी बढ़ाती हैं।

उन्होंने शिक्षकों से कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को उसकी क्षमता के अनुरूप अवसर मिले, ताकि वह अपने भीतर छिपी प्रतिभा को निखार सके। इसके साथ ही बच्चों को इन गतिविधियों के करने का उद्देश्य भी बताए ताकि वे खेल-खेल में चीजों को आसानी से समझ और सीख सकें।बच्चों को नवाचार से शिक्षा देने का समय है।ताकिवह बड़े होकर वह समाज के सुसभ्य नागरिक बन राष्ट्र व समाज की समर्पणभाव से सेवा करें।

विधायक ने एफएलएन मेले में अलग-अलग स्टाल का निरीक्षण किया एवं रिपोर्ट कार्ड पर बच्चों द्वारा की गई गतिविधिओं का अवलोकन कर बच्चों एवं अभिभावकों से संवाद कर शैक्षणिक प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की एवं विधायक ने सभी बच्चों को पारितोषिक प्रदान किया। वही जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहराप्राथमिक शाला पटना रोड एफएलएन मेला में शामिल हुई।

---




# रैली निकाल नशामुक्ति को लेकर किया जागरूक, स्वदेशी पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नशामुक्ति और स्वदेशी अपनाने को लेकर जागरूकता अभियान चलाने के लिए युवाओं की शक्ति और उद्देश्यपूर्णता को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे एक स्वस्थ और आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण हो सके।मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा के अंतर्गत मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत उमरियापान शासकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं ने पकरिया में जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को नशा न करने और स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने के लिए जागरूक किया। महाविद्यालय प्रांगण से शुरू हुई जागरूकता रैली पकरिया मुख्य सड़क तक पहुँची।

जागरूकता रैली में शामिल छात्र छात्राएं नारेबाजी करते हुए चलते रहे। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। जो युवाओं, परिवार और समाज की जड़ों को खोखला बना रहा है। नशे की जद में आकर कई परिवार उजड़ जाते हैं। नशा नाश की जड़ है, जो न केवल स्वास्थ्य को खत्म करता है बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी छिन्न-भिन्न करता है। इसके अलावा उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने और स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को प्रोत्साहित किया।

उन्होंने अपने वक्तव्य में 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' के मंत्र को अपनाने पर जोर दिया।इस मौके पर परामर्शदाताओं और छात्र छात्राओं की सहभागिता रही।

---

**साइबर जागरूकता माह अंतर्गत कार्यशाला का किया गया आयोजन**

# आज के समय में साइबर अपराध एक बड़ी चुनौती जागरूकता से ही बचाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय साइबर जागरूकता माह के अंतर्गत साइबर अपराधों से बचाव हेतु विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग कॉल, फेक वेबसाइट, बैंकिंग धोखाधड़ी, सोशल मीडिया पर ठगी के प्रति सतर्क एवं जागरूक करना है। इसी




के साथ अज्ञात लिंक, कॉल या संदेश के माध्यम से अपनी व्यक्तिगत अथवा बैंकिंग जानकारी साझा ना करें, लेकिन फिर भी यदि किसी के साथ कोई साइबर अपराध या घटना घटित होता है तो तत्काल राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल एवं 1930 पर संपर्क कर जानकारी दें।

डॉ. के. के. विश्वकर्मा ने कहां कि साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए 'साइबर स्वच्छता' को बढ़ाने की आवश्यकता है, जिसमें नियमित अंतराल पर आईसीटी उपकरणों की बुनियादी देखभाल करने की आदतें डालना शामिल है, जैसे कि कंप्यूटर को ठीक से बंद करना, निश्चित अंतराल पर पासवर्ड बदलना, अन्य वेबसाइटों के साथ-साथ फ़िशिंग वेबसाइटों को खोलने के प्रति सतर्क रहें, सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म को चलाने में बरती जाने वाली सावधानियां, डेटा चोरी से बचाव, ई-कचरे का संग्रह और निपटान आदि के प्रति सतर्क रहना चाहिए। डॉ मंजुलता साहू ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए और ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने का संदेश दिया। डॉ. सुनीता सिंह ने कहां कि ₹साइबर अपराध समाज के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुका है जागरूकता ही इससे बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है।

अंत मे प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों एवं लोगों में साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल साक्षरता के प्रति सजगता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

---

## ग्राम विकास कार्य योजना बनाने दिया गया प्रशिक्षण



जनपद पंचायत बड़वारा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री प्रभा टेकाम के मार्गदर्शन में जनपद अंतर्गत आने वाली 66 ग्राम पंचायत को वर्ष 26– 27 की ग्राम विकास कार्य योजना GPDP बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया जनपद सभागृह में आयोजित प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत सरपंच ग्राम सचिव ग्राम रोजगार सहायक एवं ग्राम की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु ग्राम विकास कार्य योजना जीपीडीपी का प्रशिक्षण प्राप्त किया प्रशिक्षण महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण विकास संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर बल्लू सिंह , गोविंद सिंह ठाकुर, श्रीमती बबीता सिंह, फूल सिंह बागरी एवं हर्ष प्रताप सिंह द्वारा 17 गोल को प्राप्त करने हेतु 9 टीमों पर विधिवत विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया और प्रत्येक ग्राम को अपनी कार्य योजना बनाने हेतु प्रशिक्षित किया गया ताकि बेहतर कार्य योजना का निर्माण कर ग्रामों में उनका क्रियान्वन किया जा सके और पंचायत उन्नति सूचकांक में राष्ट्रीय पुरस्कार पंचायती राज से प्राप्त होता है उसे हेतु भी पंचायत को तैयार किया जा सके प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु समस्त ग्राम पंचायत से शत प्रतिशत प्रतिभागी उपस्थित हो रहे। प्रशिक्षण को सफल बनाने में राजेश चौधरी का सहयोग रहा।

---

# बेमौसम बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता कटाई रुकी, फसल नुकसान की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

उमरियापान क्षेत्र में बीते तीन दिनों से जारी बेमौसम बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। गुरुवार सुबह से आसमान में बादल छाए रहे और रुक-रुककर हो रही बूंदाबांदी से मौसम ठंडा हो गया है। अचानक हुई इस बारिश से जहां आमजन को ठंड का अहसास हुआ, वहीं किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेतों में पकी खड़ी धान की फसल इस बारिश से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही है। कई स्थानों पर फसल गिरने लगी है, जिससे नुकसान की आशंका बढ़ गई है। लगातार हो रही बारिश के कारण कटाई का कार्य भी ठप पड़ गया है।

किसानों ने अपनी काटी हुई फसल को पन्नी और तिरपाल से



ढकने का प्रयास किया है, ताकि नमी से बचाया जा सके। किसानों का कहना है कि यदि बारिश का यह दौर जारी रहा, तो फसल को भारी नुकसान हो सकता है। बालियों में नमी आने से धान का रंग काला पड़ सकता है और पकी हुई फसल दोबारा अंकुरित होने का खतरा भी है। किसान प्रकाश साहू ने बताया कि उनकी धान की फसल पूरी तरह तैयार है, लेकिन लगातार बारिश से नुकसान की आशंका है। हवा के साथ बारिश होने पर फसल गिर सकती है, जिससे मशीन से कटाई करना मुश्किल हो जाएगा। वहीं किसान अनिल रजक ने भी चिंता जताते हुए कहा कि यदि दो-चार दिन और बारिश होती रही, तो खड़ी फसल गिर जाएगी और नुकसान बढ़ जाएगा।

---

**कोठी में अश्वगंधा पर बीज वितरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम**

# औषधीय कृषि विशेषज्ञ ने किसानों को अश्वगंधा की खेती करने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विकासखंड ढ़ीमरखेड़ा के कोठी गांव में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर खेती में नवाचार के तहत आत्मा योजना अन्तर्गत औषधीय फसल अश्वगंधा का बीज वितरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अश्वगंधा की खेती करने वाले चिन्हित किसानों को नीमच से आये हुये औषधीय कृषि विशेषज्ञ डॉ. शांति स्वरूप सरास्वत के द्वारा किसानों को तकनीकी जानकारी जैसे खेत तैयारी, बीज बुवाई एवं निदाई गुड़ाई तथा पानी देने और कटाई तक की पूरी विधिवत जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि अश्वगंधा की खेती फायदे की खेती है।



वहीं पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष से हमने ढ़ीमरखेड़ा विकासखंड में अश्वगंधा की खेती की शुरूआत की है। इसका उत्पादन अच्छा हुआ है। इसकी बाजार में अच्छी कीमत मिलती है, इसलिए यदि किसान मेहनत करेंगे तो अच्छी आमदनी कमा सकते है। अश्वगंधा की पैदावार बढ़ाने के लिए इफको के आर.के. मिश्रा ने नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया का महत्व बताया। जबकि नाबार्ड डीडीएम विकास कुमार जैन ने बताया कि किसानों को मिट्टी परीक्षण अवश्य करायें। ताकि फसल के अनुरूप पौधों को आवश्यक पोषक तत्व मिल सके।

### खेती करने किया प्रेरित

उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विभाग रामनाथ पटेल ने भी बीज उपचार और स्प्रिंकलर से सिंचाई करने तथा जीवामृत के उपयोग पर फोकस किया। आत्मा परियोजना संचालक अरूणिमा सेन द्वारा किसानों को जैविक खेती करने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में जैविक उत्पाद का सर्टिफिकेशन प्रोसेस भी करेंगे।

कार्यक्रम मे आत्मा योजना अन्तर्गत चिन्हित 26 किसान और मानव जीवन विकास समिति द्वारा चिन्हित 100 किसानों की भागीदारी रही।

---

**कारावास और 1 लाख रूपये के जुर्माना या दोनों का है प्रावधान**

# बाल विवाह रोकथाम के लिए जिला प्रशासन सजग और मुस्तैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में देव प्रबोधिनी एवं अन्य विवाह मुहूर्तों पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए एक सशक्त, समन्वित और बहुस्तरीय व्यापक कार्ययोजना बनाई गई है। इसके लिए विकासखंड स्तर पर संबंधित क्षेत्र के एसडीएम की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय बाल विवाह रोकथाम दल गठित किया गया है।

### बहुत भयानक है कुप्रथा

कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बाल विवाह निगरानी समितियां और कोर ग्रुप बाल विवाह संबंधी गतिविधियों पर सख्त नजर रखें। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई है। समाज में इस कुप्रथा का स्वरूप बहुत ही भयावह है। कलेक्टर श्री तिवारी ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए समाज से भी आगे आने और जिला प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह की सूचना कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम नंबर 07622-220071 पर और पुलिस कंट्रोल रूम सहित संबंधित एसडीएम और महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों को भी दी जा सकती है।

### सजा व जुर्माने का प्रावधान

कलेक्टर ने ताकीद किया कि प्रशासन बाल विवाह की रोकथाम के लिए सजग और मुस्तैद है। बाल विवाह रोकथाम अधिनियम 2006 की धारा 9,10,11 एवं 13 के तहत बालविवाह कराने, सहयोग देने वाले व्यक्ति, व्यक्तियों , संस्था, सामाजिक संगठन के लिए दो वर्ष तक कारावास अथवा एक लाख रूपये का जुर्माना या दोनो का प्रावधान है।

जिला प्रशासन ने हलवाई, प्रेस करने वाले, कैटरर्स, धर्मगुरू, समाज के मुखिया, बैंड बाजा वाले, घोड़ी वाले और ट्रांसपोर्टर आदि से भी आग्रह किया है कि वे बाल विवाह करने और कराने वालों को अपनी सेवायें कदापि प्रदान नहीं करें, अन्यथा वे भी बाल विवाह के सहयोगी माने जायेंगें और बाल विवाह रोकथाम अधिनियम के अंतर्गत विधि संगत धाराओं के तहत कार्यवाही के दायरे में आ जायेंगें।

### कंट्रोल रूम

जिला स्तरीय कंट्रोल रूम की जिम्मेदारी प्रशासक शैली तिवारी मोबाइल नं. 8435354976 को दी गई है। इसी प्रकार विकासखंड बड़वारा में परियोजना अधिकारी इन्द्र कुमार साहू मोबाइल नं. 9131421913, विकासखंड बहोरीबंद में परियोजना अधिकारी सतीश पटेल मोबाइल नं. 9424957749, विकासखंड ढीमरखेड़ा में परियोजना अधिकारी आरती यादव मोबाइल नं. 9424547660, कटनी शहरी में प्रभारी परियोजना अधिकारी अनुपमा आटे मोबाइल नं. 7067198473, मुड़वारा में परियोजना अधिकारी विद्या पाण्डेय मोबाइल नं. 9713162886, विकासखंड रीठी में प्रभारी परियोजना अधिकारी सुलोचना महोविया मोबाइल नं. 8435122204 एवं विकासखंड विजयराघवगढ़ परियोजना अधिकारी संतोष अग्रवाल मोबाइल नं. 9131354267 को कंट्रोल रूम की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल

महिला बाल विकास मंत्रालय द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की गई है। इसके तहत बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल बनाया गया है। यह पोर्टल एक ऐसा अभिनव ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जो नागरिकों को बाल विवाह की घटनाओं की रिपोर्ट करने, शिकायत दर्ज करने और देशभर में बाल विवाह निषेध अधिकारियों के बारे में जानकारी प्रदान करने में सक्षम बनाता है। हेल्पलाइन नंबर 181, 1098, 100 और बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल (https://stopchildmarriage.wcd.gov.in) पर भी सूचना या जानकारी दर्ज कराई जा सकती है।

---

# कोदो-कुटकी के उपार्जन हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर कटनी जिले के इतिहास में किसानों से पहली बार कोदो-कुटकी के उपार्जन के लिये हो रहे पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने किसानों से निर्धारित समय मे अपना पंजीयन अवश्य करवाने की अपील की है।

किसानों की सुविधा और सहूलियत के मद्देनजर कोदो-कुटकी की खरीदी के लिए जिले में 11 पंजीयन केन्द्र बनाए हैं। इनमें बी पैक्स सहकारी समिति मर्यादित विजयराघवगढ, सिनगौड़ी, रीठी, बकलेहटा, पिपरियाकला, बड़वारा, विलायतकॅला, झिन्नापिपरिया, सिलौड़ी, स्लीमनाबाद तथा विपणन सहकारी समिति कटनी का निर्धारण किया गया है। इन केन्द्रों पर कृषकों द्वारा पंजीयन कराया जा सकता है और शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

जिले में करीब 2 हजार 836 हेक्टेयर से अधिक भू-क्षेत्र में कोदो -कुटकी की खेती की जाती है। जिले का विजयराघवगढ़ क्षेत्र कोदो-कुटकी के उत्पादन में अग्रणी है। यहां के अलावा बड़वारा, ढीमरखेड़ा और रीठी क्षेत्र में भी कोदो -कुटकी की बढ़-चढ़ कर खेती की जाती है।

श्रीअन्न उत्पादक जिले के कृषकों से श्रीअन्न कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा कोदो-कुटकी का उपार्जन किया जायेगा। खरीफ- 2025 में उत्पादित श्रीअन्न कुटकी 3500 रूपये प्रति क्विंटल एवं कोदो 2500 रुपये प्रति क्विंटल के मान से उपार्जन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त 1000 रुपये प्रति क्विंटल के मान से प्रोत्साहन राशि मिलेगी।

खबर संक्षेप

## मोटर साइकिल पेड़ से टकराई, एक की मौत तीन घायल

**पन्ना।** पन्ना अमानगंज मार्ग में बीती रात्रि भीषण सड़क हादसा हुआ है जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है तथा तीन लोग घायल हुए हैं उक्त घटना अकोला ग्राम के पास हुई है मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई थी। जिससे यह घटना घटित हुई है। घायलों का जिला अस्पताल पन्ना में इलाज चल रहा है जानकारी के अनुसार अमानगंज थाना अंतर्गत ग्राम नयापुरा द्वारी के निवासी मृतक धीरज आदिवासी पिता श्री हिररू आदिवासी उम्र 19 वर्ष मोटरसाइकिल में सवार होकर पन्ना से द्वारी नयापुरा के लिए जा रहा था जिसमें चार लोग सवार थे अकोला मंदिर के पास मोटरसाइकिल अन्यत्र होकर पेड़ से जा टकराई जिसमें मोटरसाइकिल में सवार चालक धीरज आदिवासी की मौत हो गई एवं तीन लोग घायल हुए घायलों में आंसू आदिवासी उपेंद्र आदिवासी बसंत आदिवासी गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका जिला चिकित्सालय पन्ना में इलाज जारी है। मृतक का पोस्टमार्टम कर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

# महिलाओं ने आंवला के वृक्ष का पूजन कर की परिक्रमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी गुरुवार को नगर में आंवला नवमी का पर्व महिलाओं द्वारा उल्लास के साथ नगर की गंगा झिरिया, गायत्री शक्तिपीठ, गौरीशंकर मंदिर सहित नगर के अन्य स्थानों पर आंवले के वृक्ष का पूजन कर परिक्रमा करते हुए भगवान विष्णु की कथा सुनी और भगवान को भोग लगाकर महिलाओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। नगर में महिलाओं ने सुबह से दोपहर तक आंवले के वृक्ष की विधिवत पूजा अर्चना कर वृक्ष को कच्चा सूत बांधकर आठ परिक्रमा लगाकर विभिन्न प्रकार की सामग्री अर्पित करते हुए परिवार और संतान की सुख समृद्धि की कामना करके महिलाओं ने आंवले के पेड़ की छांव में बैठकर भोजन ग्रहण किया। कहते हैं आंवले के वृक्ष की नीचे बैठकर भोजन करने से हर तरह के पाप और बीमारियां दूर होती है। मां पीतांबरा मंदिर के पुजारी पंडित सोनू मिश्रा ने प्रचलित कथा के अनुसार बताया कि एक बार माता लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करने आई रास्ते में भगवान विष्णु और शिव की पूजा एक साथ करने की उनकी इच्छा हुई। लक्ष्मी माता ने विचार किया कि एक साथ विष्णु और शिव की पूजा कैसे हो सकती है तभी उन्हें ख्याल आया की तुलसी और बेल के गुण एक साथ आंवले में पाए जाते हैं। तुलसी भगवान विष्णु को प्रिय है और बिल शिव को, आंवले के वृक्ष को विष्णु और शिव का प्रतीक चिन्ह मानकर मां लक्ष्मी शिव प्रकट हुए लक्ष्मी माता ने आंवले के वृक्ष के नीचे भोजन बनाकर विष्णु और भगवान शिव पूजन हुआ था उस दिन कार्तिक शुक्ल नवमी थी तभी से यह परंपरा चली आ रही है।

भव्य शोभायात्रा निकाली, श्रद्धालुओं ने किए दर्शन...

# संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा




नगर पटेरा।में कार्तिक मास की पावन अवसर पर संगीत में श्रीमद् भागवत महापुराण की मंगलमय बैठकी हुई जिसका पूर्व कलश यात्रा निकली प्राचीन वंशी वाले मंदिर से शुरू हुई और संकट मोचन मंदिर ,शीतला माता मंदिर, एवं बस स्टैंड से होते हुए कुंडलपुर रोड स्थित पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया। कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक बालव्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रावण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। इस मौके कथा यजमान बालचंद राठौर पुत्र पंकज राठौर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

# एफएलएन मेले में बच्चों की बौद्धिक क्षमता की हुई जांच




**तेजगढ़।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार शैक्षणिक शालाओं में एफ एल एन मेले का आयोजन किया गया इसी तारतम्य में कलेक्टर महोदय के निर्देशन एवं बी आर सी तेंदूखेड़ा के मार्गदर्शन में एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला देवरी लीलाधर में भी एफ एल एन मेले का आयोजन किया गया ,जिसमें सर्वप्रथम कक्षा एक एवं दो के बच्चों का उनके अभिभावकों की मौजूदगी में शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास ,भाषा विकास ,गणित की पूर्व तैयारी एवं बच्चों का कोना के तहत उनका परफॉर्मेंस परखा गया, विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने अपने शिक्षकों एवं अभिभावकों की मौजूदगी में अपने-अपने हुनर दिखाएं इस अवसर पर संस्था प्रभारी मनोहर सिंह ठाकुर एफएलएन प्रभारी बहादुर सिंह शिक्षक, मनोज रैकवार कल्पना लोधी ,मालती ठाकुर, पुष्पेन्द्र अहिरवाल एवं अभिभावक तथा बड़ी कक्षाओं के स्कूली बच्चों ने सहभागिता निभाई।

## गुणवत्ता जांच हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए नमूने

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा दमोह शहर स्थित राजकुमार किराना स्टोर्स में निरीक्षण कार्यवाही करते हुए अखरोट की जांच की गई। कार्यवाही में चरहाई बाजार स्थित राजकुमार किराना स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। उक्त राजकुमार किराना स्टोर्स में फफूंद युक्त पैक्ड अखरोट ग्राहक को विक्रय करने की दमोह हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज हुई थी। निरीक्षण के दौरान परिसर से मौके पर विक्रय हेतु संग्रहित कंपनी पैक्ड मुमताज़ ब्रांड अखरोट के नमूनें जांच हेतु लिए गए। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग ने दमोह जिले के समस्त उपभोक्ताओं से अपील की है कि खाद्य पदार्थों में मिलावट संबंधी कोई भी शिकायत है तो वे दमोह हेल्पलाइन नंबर 07812 - 350300 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## ऑवला नवमी का पर्व मनाया



**दमोह।** टाईम्स पब्लिक स्कूल में मनाया गया ऑवला नवमी का पर्व। कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की नवमी को अक्षय नवमी को ध्यान में रखते हुए टाईम्स पब्लिक स्कूल में अक्षय नवमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर किंडर गार्टन के छात्रों द्वारा आँवले के वृक्ष का पूजन किया गया व सभी बच्चों ने एक साथ वृक्ष के नीचे बैठ कर भोजन किया। इस अवसर पर किडर गार्टन की समन्वयिका श्रीमति सूर्या ठाकुर ने बताया कि वैदिक काल से ही हमारी संस्कृति में वृक्षों को पूजनीय माना जाता है। यह पर्व हमें न केवल धार्मिक रुप से जोड़ता है बल्कि हमें पर्यावरण संरक्षण और पेड़ पौधों के महत्व की याद भी दिलाता है। इस आधुनिक दौर में नई पीढ़ी को हमारी संस्कृति व संस्कारों से अवगत कराने के लिए स्कूल में इस तरह की गतिविधियों का आयोजन नियमित रुप से किया जाता है। साथ ही उन्होंने हमारे दैनिक जीवन में ऑवले के उपयोग एवं उसके फायदे के बारे में छात्रों को जानकारी दी।

## बाल विवाह के विरुद्ध ली शपथ



**दमोह।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में आज दिनांक 29 अक्टूबर 2025 को देवउठनी ग्यारस पर्व बाल विवाह रोकथाम हेतु बाल विवाह के विरुद्ध एक शपथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जी. पी. चौधरी द्वारा दिलाई गई। इसी के साथ उन्होंने कहा बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और गैरकानूनी है। जो बालिकाओं को शिक्षा सुरक्षा स्वास्थ्य और विकास में बाधक है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अवधेश जैन ने कहा बाल विवाह के कई गंभीर दुष्परिणाम होते हैं। यह बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को बुरी तरह प्रभावित करते हैं। इस सामाजिक बुराई को हम सब मिलकर के ही समाप्त कर सकते हैं।

## हटा पुलिस ने किया संवाद



**दमोह।** सायबर जागरूकता अभियान के तहत हटा थाना पुलिस ने पी.एम श्री नवोदय विद्यालय में विद्यार्थियों से संवाद किया, थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय ने छात्र-छात्राओं से चर्चा करते हुए उन्हें सायबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन धोखाधड़ी आदि की जानकारी देते हुए अपील कि आप सभी किसी भी अंजान नम्बर फोन कॉल से सम्पर्क न करे, किसी भी अंजान कॉल या व्यक्ति को अपनी जानकारी, ऑटोपी आदि शेयर न करे, थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को शासन द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन सेवाओ की भी जानकारी दी

## सेवानिवृत होने पर दी गई विदाई



**हटा।** पीडब्ल्यूडी कार्यालय में पदस्थ एक स्थाई श्रमिक की सेवानिवृत्ति पर गुरुवार को विभाग के सभी कर्मचारियों ने एक गरिमामय रंगारंग कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें शाल श्रीफल से सम्मानित भावभीनी विदाई दी गई। दरअसल लोक निर्माण विभाग हटा में लगातार 42 वर्षों से सेवाएं दे रहे स्थाई कर्मी श्रमिक कन्हैया मेहतर की सेवानिवृत्ति के अवसर पर स्थानीय लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस में विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों द्वारा कन्हैया के कार्यों की सराहना करते हुए शाल श्रीफल एवं पुष्पमाला से स्वागत कर स्थाई कर्मी के पुत्र द्वारा बुंदेली दलदल घोड़ी नृत्य करके रंगारंग कार्यक्रम कर विदाई दी गई। इस अवसर पर विभाग के बृजेश मिश्रा डीएन उपाध्याय गणेश मिश्रा एसके पाल्या भानु प्यासी गोकुल बर्मन शाहिद विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## आधे से ज्यादा विभाग प्रभारियों के भरोसे कार्यालय चल रहे

**पथरिया।** क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व बदलने के बाद लगा क्षेत्रीय विधायक मंत्री होने से शायद अब कार्यालयों में कुछ परिवर्तन होगा और अधिकारी की पदस्थापना हो जाएगी लेकिन करीब 22 महीने बीतने को है फिर भी अनुविभाग मुख्यालय अंतर्गत आने वाले विभागों में प्रभारी अधिकारी है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व पुलिस, जनपद सीईओं को छोड़कर वाकि तहसील कार्यालय में तहसीलदार, एसडीओं, नगर परिषद सीएमओं,स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी सीबीएमओं, मंडी सचिव, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी पथरिया को बटियागढ़ का अतिरिक्त प्रभार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, शासकीय महाविद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय व कन्या उच्चतर माध्यमिक में वर्षो से प्राचार्य नही है कुल मिलाकर 80 प्रतिशत विभाग प्रभारियों के भरोसे चल रहे हैं शासन की तबादला नीति में सूची कितनी जारी हो पर पथरिया का नाम नही मिलता कारण जो भी हो पर जहां जो प्रभारी है उनकी कार्यकाल में ऐसा काम हों रहा कि जनप्रतिनिधियों की नजर में भी सब कुछ ठीक चल रहा है या फिर एडजस्ट करके चलना कहें कि क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व बदलाव के बाद भी किसी विभाग में कोई बदलाव नही हुआ। सब कार्य चल रहें हैं अपने आप में एक चर्चा का विषय जरूर बना रहता है कि पहले जो अधिकारी रहें वही अब भी सत्ताधारी पार्टी के लिए अच्छा काम कर रहे होंगे हालांकि जितने भी प्रभारी अधिकारी हैं वह समय के हिसाब से अपना पाला बदल लेते हैं और अब वह नये जनप्रतिनिधि के कार्यालय में अपनी दस्तक दे रहे हैं कि जैसा भी हो पर बदलाव ना हो जाए पथरिया कि खासियत है कि जो भी अधिकारी कर्मचारी यहां पदस्थ हो जाए तो वह जाने का नाम नहीं लेता बदलें में कुछ भी कर लेंगे तबादला की सुनते ही चक्कर लगाने लगेंगे कि जैसे भी रूक जाए इसलिए 22 महीने बीत जाने के बाद भी कोई बदलाव की चर्चा तक नही हो रही है। मतलब जैसे पहले चलता रहा वैसे अब भी चलता रहेगा।

# बीटगार्ड की मिलीभगत से जंगल में कट रहे पेड़, आदिवासियों को हटाकर लगवा दिये ईट के भट्टे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



अलोनी और कलूमर ग्राम के लगभग 25 आदिवासी मजदूर किसानों ने वन मंडल अधिकारी एवं कलेक्टरके समक्ष पहुंच कर एक लिखित सख्त शिकायत दर्ज कराई है जिसमें आरोप लगाया है कि साइपूरा बीट गार्ड के द्वारा आदिवासियों की फसल को मवेशियों से चरवाया गया है जिससे उन्हें आर्थिक क्षती हुई है। जिसकी क्षतिपूर्ति हेतु प्रत्येक किसान को एक एक लाख रूपए मुआवजा दिया जावे। आदिवासियों ने शिकायत में उल्लेख किया है कि साइपुरा बीट गार्ड राजेंद्र परिहार के द्वारा ग्राम पंचायत कलुमर के ग्राम अलोनी में आम्हा भोरहा व जमुना नाला के जंगल में करीब 50 एकड़ जमीन से अधिक भूमि पर हजारों पेड़ कटवा कर के वहीं पर ईंट की भटट लगवाये हैं। जहां आज भी मौके पर अनेकों ईटों के भट्ठे जंगल की ही लकड़ी से आज भी धधक रहे है। यही नहीं बीट गार्ड ने पुराने मुनरो को मिटा कर के मनमाफिक नये मुनारे बनाये गयेहै। तथा 500 से 1000 फीट की राजस्व भूमि जिसे आम रास्ते के रूप में इस्तेमाल किया जाता था वहां लगभग 44 नये मुनारे बना दिए गए हैं। लगभग 25 आदिवासि जो की पीडियो से वन भूमि पर काबिज थे तथा नियम अनुसार कई बार शासन को जुर्माना भी दे चुके है। इस जमीन पर पूर्व से लगी अरहर की फसल को सरेराह मवेशी ले जाकर के बीट गार्ड ने खडे होकर के चरवा दी है। तथा आदिवासियों को धमकी दी है कि यदि अब वन भूमि पर दिखे भी तो इस तरह की कानूनी कार्यवाही करूंगा कि जेल में चक्की पीसते रहोगे। बीट गार्ड द्वारा दी गई धमकी से आदिवासी भयभीत है। उन्होंने कलेक्टर महोदय एवं वन मंडल अधिकारी दमोह के समक्ष उपस्थित होकर के मांग की है कि बीट गार्ड राजेंद्र परिहार पर विभागीय जांच बैठा कर के जांच कराई जावे तथा पीड़ित आदिवासी परिवारो को एक एक लाख रूपए मुआवजे की तौर पर दिए जावे। यदि आदिवासियों की उक्त शिकायत पर 15 दिवस की अंदर कार्यवाही नहीं होती है तो समस्त आदिवासी मजदूर किसान धरना एवं आमरण अनशन करने हेतु बाध्य होंगे।

## कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने बताया कि टीकाकरण बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने का सबसे प्रभावी एवं किफायती माध्यम है। टीकाकरण से बच्चे के शरीर में रोगों से लड़ने की शक्ति विकसित होती है। यह शरीर को सिखाता है कि यदि भविष्य में वही संक्रमण दुबारा आये तो उससे तुरंत मुकाबला करना है। टीकाकरण न केवल हर बच्चे की सुरक्षित नींव रखता है, बल्कि पूरे समाज को सुरक्षित बनाता है। टीकाकरण से बच्चे को पोलियो, खसरा, काली खांसी, डिप्थीरिया, टिटनेस, हेपेटाईटिस-बी, टी.बी. एवं निमोनिया जैसी बीमारियों से सुरक्षा मिलती है। आईए मिलकर सुनिश्चित करें कि दमोह का कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों को संपूर्ण टीकाकृत करने जिले में विशेष टीकाकरण अभियान 27 अक्टूबर से चलाया जा रहा है। अपने नजदीकी टीकाकरण सत्र में बच्चों को ले जाकर निःशुल्क टीकाकरण अवश्य करायें।

## कई पंचायतों में अतिरिक्त प्रभार, फिर भी महीनों से अटैचमेंट

**पथरिया।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायतों में सचिव की पदस्थापना नही होने से अतिरिक्त प्रभार व रोजगार सहायकों के भरोसे चल रही है लेकिन उसके बाद भी जनपद पंचायत कार्यालय में अटैच सचिव व रोजगार सहायकों को पंचायत नही दी जा रही है। एक तरफ गृह पंचायत में पदस्थापना नही पर अतिरिक्त प्रभार में गृह पंचायत मिल दें देंगे फिर भी अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नही दिया जाता है जिससे सब कुछ मनमर्जी से चल रहा है।

# मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में लाया जाए गुणात्मक सुधार, नवंबर माह में शून्य मातृ-मृत्यु का लक्ष्य- कलेक्टर

### हर गर्भवती महिला को जोखिम वाली मानते हुए गुणात्मक स्वास्थ्य जांच एवं देखभाल की जाये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर मातृ-शिशु स्वास्थ्य के तहत दी जा रही सेवाओं में गुणात्मक सुधार एवं कसावट लाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के विकासखंड एवं मैदानी स्तर पर कार्यरत सेवा प्रदाताओं की उपस्थिति में निरंतर रूप से बैठक ली जा रही है। इस क्रम में विकासखंड पथरिया के शासकीय माधवराव सप्रे महाविद्यालय के सभागार में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की एक महत्वपूर्ण समन्वित बैठक ली गई। श्री कोचर ने आयोजित बैठक में चलाये जा रहे विशेष टीकाकरण अभियान एवं माह नवंबर में शून्य मातृ-मृत्यु हेतु बनाई गई रणनीति पर कार्यकर्ताओं से दो तरफा संवाद किया गया। उन्होने कहा कि हर गर्भवती महिला को जोखिम वाली मानते हुए गर्भावस्था दौरान गुणात्मक स्वास्थ्य जांच एवं देखभाल की जाये। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के.अठया, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विक्रांत चौहान और मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जतिन दुबे विशेष रूप से मौजूद रहे। शहरी पथरिया क्षेत्र में आंगनवाडी कार्यकर्ता टीकाकरण सत्र पर बच्चों को लाने का कार्य करेंगी

बैठक दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने सीडीपीओ को निर्देश दिये कि शहरी पथरिया क्षेत्र में आयोजित विशेष टीकाकरण सत्र पर तैयार की गई ड्यू लिस्ट अनुसार आंगनवाडी कार्यकर्ता बच्चों को लाना सुनिश्चित करेंगी। स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग का अमला समन्वित रूप से एक टीम के रूप में ड्यू लिस्ट अनुसार सभी बच्चों को टीकाकृत कराने का काम करेंगी। समुदाय स्तर पर हर बुधवार को आशा कार्यकर्ता न होने की स्थिति में आंगनवाडी सहायिका एवं कार्यकर्ता नई गर्भवती महिलों की खोज करेंगी। अगले ही दिन गुरूवार को क्षेत्र अंतर्गत नजदीकी स्वास्थ्य संस्था में मानक अनुरूप स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाय करायेंगी। साथ ही माह नवंबर में जीरो मातृ-मृत्यु के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु स्वास्थ्य अमला के साथ समर्पण एवं सेवाभाव के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगी।

**जीरो मातृ-मृत्यु के लिए 1, 2, 3 एवं 7, 8, 9 रणनीति पर विशेष बल**

बैठक दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने माह नवंबर में किसी भी गर्भवती महिला की मृत्यु न हो तथा हर प्रसव सुरक्षित रूप से संस्थागत स्तर पर हो, यह सुनिश्चित करने के लिए 1, 2, 3 एवं 7, 8, 9 रणनीति पर विशेष बल दिया। इसके लिए एक टीम के रूप में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग हर स्तर पर सतर्कता और तत्परता एवं समन्वय के माध्यम से एक टीम के रूप में कार्य करने जोर दिया। 1, 2, 3 रणनीति के तहत गर्भावस्था के पहले तीन माह में गर्भवती का पंजीयन कर गर्भावस्था की देखभाल से जुड़ी सभी स्वास्थ्य सेवाएं दी जायें। गर्भावस्था की अंतिम तिमाही अर्थात 7वें से 9वें माह दौरान गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य पर विशेष निगरानी बनायें रखें। माह नवंबर में जिन गर्भवती महिलाओं की अनुमानित प्रसव तिथि है- चाहे वे सामान्य हो या जोखिम श्रेणी में उनका साप्ताहिक वर्गीकरण कर सुरक्षित संस्थागत प्रसव कराया जाये। दूरस्थ क्षेत्र अथवा जोखिम वाली गर्भवती को 4 से 5 दिन पूर्व नजदीकी बर्थ वेटिंग हॉल में भर्ती कर गर्भावस्था से जुड़ी गुणात्मक स्वास्थ्य देखभाल कर सुरक्षित संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाये। इसके पूर्व जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने बताया कि माह नवम्बर में किस प्रकार हर गर्भवती महिला की स्वास्थ्य पर निगरानी रखकर सुरक्षित प्रसव कराया जाये। इस पर विस्तार से जानकारी दी गई। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विक्रांत चौहान ने टीकाकरण अभियान का संचालन किस तरह से किया जाना है, इसकी जानकारी मौजूद मैदानी स्वास्थ्य कर्मचारियों से साझा की गई।

**खबर संक्षेप**

## बसों पर विशेष चेकिंग ड्राइव में 35 हजार 500 के हुए चालान

**दमोह।** परिवहन विभाग द्वारा लगातार वाहनों की चैकिंग की जा रही हैं। इसी क्रम में सागर नाका पर परिवहन विभाग द्वारा बसों की विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस सबंध में परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी ने बताया जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई करते हुए कुल 35 हजार 500 रुपये की चालानी कार्यवाही की गई। परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी ने बताया कि यह अभियान यात्रियों की सुरक्षा और यातायात अनुशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसे निरीक्षण निरंतर जारी रहेंगे ताकि अवैध संचालन और नियम उल्लंघन पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

## ऑटो वाहनों की संयुक्त जांच कार्रवाई में 11 ऑटो जप्त

**दमोह ।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशानुसार परिवहन विभाग एवं ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा शहर में ऑटो वाहनों की जांच की गई। इस दौरान 11 ऑटो जब्त किए गए। परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी ने बताया कि यह कार्रवाई नियम विरुद्ध संचालन, फिटनेस एवं आवश्यक दस्तावेजों की जाँच की गई। उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## नवीन कार्यकारणी गठित

**दमोह।** स्वामी विवेकानंद विकास एवं उत्थान समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी की सहमति से नई कार्यकारिणी की घोषणा का गठन किया गया। नवीन कार्यकारणी में अध्यक्ष इंजीनियर शैलेंद्र परिहार, उपाध्यक्ष प्रशांत शेंडे, धर्मेंद्र मिश्रा, महामंत्री महेंद्र राठौर, सचिव जितेंद्र सिंह परिहार, सह सचिव वीरेंद्रविश्वकर्मा, महेंद्र ताम्रकार, मीडिया प्रभारी अखिलेश सिंह घोषी, सत्येंद्र विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष विज्ञान सिंह परिहार एवं समिति के सदस्य राजीव कांत गोस्वामी, शोभित अग्रवाल, पर्वत सिंह लोधी, इंजीनियर राघवेंद्र सेन रामू एवं कार्यालय मंत्री दिनेश पालीवाल को नियुक्त किया गया है।

### धान और मक्का की फसल पानी में डूबी, कटाई-गहाई पर पड़ा गहरा असर

# दो घंटे की झमाझम बारिश से किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

क्षेत्र में गुरुवार शाम हुई दो घंटे की झमाझम बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। पिछले तीन दिनों से रुक-रुक कर हो रही बेमौसम बरसात ने जहां किसानों की चिंता बढ़ा रखी थी, वहीं गुरुवार की तेज बारिश ने स्थिति और भी गंभीर बना दी। लगातार हुई तेज बारिश से खेतों में खड़ी धान और मक्का की फसल बर्बादी की कगार पर पहुंच गई है। कई किसानों की कटी हुई फसलें खेतों में ही पड़ी थीं, जिन्हें बचाने के लिए वे तिरपाल और प्लास्टिक शीट डालकर पानी से



ढंकते नजर आए। ग्रामीण अंचल के किसानों ने बताया कि बारिश के चलते धान की कटाई और गहाई कार्य पूरी तरह ठप हो गया है। खेतों में पानी भर जाने से कटाई मशीनें नहीं चल पा रहीं, वहीं गीली फसल को भंडारित करना भी मुश्किल हो गया है। किसान अवधेश दीपक महेश और शंभू ने बताया कि "हमने फसल कटाई शुरू ही की थी, तभी अचानक बारिश आ गई। अब धान के दाने काले पड़ने लगे हैं और मक्का की बालियां गलने की स्थिति में हैं। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय की बेमौसम बारिश धान की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों पर प्रतिकूल असर डाल सकती है। यदि अगले दो दिनों में मौसम साफ नहीं हुआ तो नुकसान और बढ़ सकता है।

## झमाझम बारिश से फसलें फिर भीगीं, किसानों की बढ़ी चिंता





**तेंदूखेड़ा।** नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में आंवला नवमी के दिन दोपहर लगभग 2:00 बजे से लगातार झमाझम बारिश का दौर जारी है। इस अप्रत्याशित मौसम परिवर्तन ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। पिछले कुछ दिनों से मौसम सामान्य रहने के कारण अधिकांश किसानों ने अपने खेतों से मक्का और धान की फसल की कटाई कर ली थी। परंतु, कटाई के बाद खेतों एवं खुले स्थानों पर रखी गई फसलें अब लगातार हो रही वर्षा से एक बार फिर पूरी तरह भीग गई हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान की आशंका है। लगातार हो रही बारिश के चलते खेतों में पानी भराव की स्थिति बन गई है। कई जगहों पर धान की कटी हुई फसल पानी में डूब गई है, वहीं खुले में पड़ी मक्का भी नमी के कारण सड़ने की कगार पर पहुंच रही है। इससे न केवल उपज की गुणवत्ता प्रभावित होगी, बल्कि किसानों को आर्थिक नुकसान का भी सामना करना पड़ सकता है।किसानों का कहना है कि मौसम में इस तरह के अचानक बदलाव से उनकी मेहनत पर पानी फिर गया है। धूप न निकलने के कारण फसल सुखाने में दिक्कत आ रही है और भीगी हुई उपज में फफूंदी लगने का खतरा बढ़ गया है। वहीं, मंडियों में भी ऐसी भीगी फसल का दाम घटने की संभावना जताई जा रही है। कृषि विभाग के अधिकारियों को नुकसान का आकलन करने और आवश्यक रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, नगर प्रशासन ने नागरिकों और किसानों से अपील की है कि वे मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए सतर्क रहें, खेतों में अनावश्यक रूप से न जाएँ और फसलों को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक कदम उठाएँ। मौसम विभाग के अनुसार, क्षेत्र में अगले कुछ घंटों तक वर्षा जारी रहने की संभावना है। यदि वर्षा का यह क्रम जारी रहा, तो फसलों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में सड़क और यातायात व्यवस्था पर भी असर पड़ सकता है। जब इस मंडी में फसल भीगने के संबंध में तेंदूखेड़ा मंडी भार साधक अधिकारी सौरभ गंधर्व से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तेंदूखेड़ा मंडी में बहुत बड़े-बड़े तीन सेट है, दरअसल कुछ किसान मंडी प्रांगण में अपनी फसल सुख रहे हैं, हम लोगों ने मौसम विभाग के अलर्ट के चलते लोगों को मन भी किया था लेकिन लोग नहीं माने। जिस कारण उनका थोड़ा बहुत नुकसान हुआ है।

### देशभर में पांचवा स्थान प्राप्त कर हटा का बढ़ाया मान

# ज्योति बिदोलया ने यूपीएससी परीक्षा में चयनित होकर रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

उपकाशी हटा नगर के नवोदय वार्ड (ककराई) मूल निवासी समीपस्थ ग्राम सिमरी बरोदा के स्वर्गीय पंडित जीवनलाल बिदौलया की बेटी ज्योति विदोल्या ने संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में चयनित होकर हाइड्रोजनलिस्ट के पद पर देशभर में पांचवा स्थान प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। नगर की बेटी की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर उन्हें लोगों ने बधाई शुभकामनाएं दी हैं। गौरतलब है कि ज्योति ने कक्षा 12वीं तक की शिक्षा नगर के एमएलबी विद्यालय से प्राप्त की इसके उपरांत उन्होंने सागर हरि




सिंह और विश्वविद्यालय से स्नातक कर बिना कोचिंग के देश की सबसे कठिन परीक्षा यूपीएससी की तैयारी कर देश में पांचवा स्थान प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित कर हटा नगर को गौरवान्वित किया। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी कि परिश्रम और लगन से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित श्री महेश पुरानी ने ज्योति विदोल्या जी को बधाई दी और कहा कि यह ब्राह्मण समाज के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज की युवा पीढ़ी के लिए इसी तरह लगन और मेहनत से मुकाम हासिल करना चाहिए। इसी तरह सफलता से अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी और वे अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

# स्कूटी सवार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को स्कूटी सवार ने मारी टक्कर

### गंभीर रूप से घायल, जबलपुर रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर में गुरुवार की सुबह एक स्कूटी सवार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को स्कूटी सवार युवती ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई घटना उपरांत उन्हें स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार उपरांत हालत गंभीर होने पर उन्हें दमोह जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां से उन्हें जबलपुर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार हटा नगर के समीपस्थ पटेरा ब्लॉक के पटना लुहारी आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 55 में पदस्थ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सोनू मिश्रा पति सुनील मिश्रा उम्र 44 जो गुरुवार को सुबह करीब 11 बजे स्कूटी से अपने केंद्र पटना लुहारी जा रही थीं। इसी दौरान बटियागढ़ रोड़ पर तहसील कचहरी के सामने तेज



रफ्तार राग साइड से आ रही एक स्कूटी सवार युवती ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह सड़क पर गिर गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के तुरंत बाद उन्हें हटा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें दमोह जिला अस्पताल रेफर किया गया लेकिन पैर में गंभीर चोटे आने से जबलपुर रेफर कर दिया गया। घटना के बाद जिला चिकित्सालय से घायल सोनू मिश्रा ने दमोह एसडीएम आर.एल. बागरी को घटना की सूचना दी। एसडीएम बागरी ने तुरंत मामले को दिखवाने की बात कही। एसडीएम की इस तत्परता के कारण ही दमोह जिला अस्पताल में उनका इलाज तुरंत शुरू हो गया और जिला अस्पताल में उनका एक्स-रे कराया गया। ड्यूटी डॉक्टर एनके पटेल ने बताया कि घायल के पैरों में दो जगह फ्रैक्चर है, जिसके चलते उन्हें विशेषज्ञ उपचार के लिए जबलपुर रेफर किया गया है।

# गैसाबाद पुल की तकनीकी जांच भोपाल मैनिट की टीम द्वारा की जाएगी, रिपोर्ट के बाद करेंगे निर्णय

### आमजनों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के दृष्टिगत लिया जाएगा निर्णय – कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि हटा–गैसाबाद मार्ग पर पन्ना को जोड़ने वाला पुल कुछ समय पहले क्षतिग्रस्त हो गया था। इस पुल का निर्माण कार्य मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) द्वारा किया जा रहा है, जबकि आगे का पन्ना वाला हिस्सा मध्यप्रदेश पीडब्ल्यूडी ब्रिज कॉर्पोरेशन के अधीन है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि क्षेत्र के नागरिकों की ओर से लगातार यह मांग की जा रही थी कि पुल को शीघ्र चालू किया जाए, ताकि आवागमन सामान्य हो सके, क्योंकि वर्तमान में लोगों को काफी लंबा मार्ग तय करना पड़ता है। इस संबंध में एमपीआरडीसी से चर्चा कर पुल के कार्य को तत्काल प्रारंभ कराया गया था, जो वर्तमान में प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि पुल के आसपास कुछ दुर्घटनाएं होने के कारण प्रशासन चिंतित है। इस पर एमपीआरडीसी से चर्चा के बाद जानकारी मिली है कि 1-2 दिनों में मैनिट भोपाल की तकनीकी टीम स्थल का निरीक्षण करने पहुंचेगी। यह टीम स्थल का टेक्निकल अध्ययन कर यह रिपोर्ट देगी कि क्या इस मार्ग पर छोटे वाहन, चार पहिया वाहन या पैदल यातायात प्रारंभ किया जा सकता है अथवा नहीं। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया टीम की रिपोर्ट शीघ्र आने की संभावना है। रिपोर्ट मिलने के बाद एमपीआरडीसी जिला प्रशासन को प्रतिवेदन भेजेगा, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि 10 नवंबर तक इस कार्य की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी कि इस मार्ग से हल्के एवं भारी वाहनों का आवागमन तकनीकी दृष्टि से संभव है या नहीं। उन्होने नागरिकों से अपील की धैर्य रखें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन नागरिकों की असुविधा को समझता है और इसके लिए खेद व्यक्त करता है। हमें विश्वास है कि कार्य शीघ्र पूर्ण होगा और यातायात बहाली पर जल्द निर्णय लिया जाएगा।

## पटेरा उत्कृष्ट विद्यालय में स्कूटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**पटेरा।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेरा में स्कूटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय से दो विद्यार्थी अनुराग पन्या 89 प्रतिशत और फिजा खान 91 प्रतिशत लाने वालों ने स्कूटी वितरण योजना का लाभ लिया। कार्यक्रम में प्रतिनिधि पन्नालाल दहिया क्षेत्र क्रमांक 8 जनपद पंचायत पटेरा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आई एल आठ्या, शाला की प्राचार्य वंदना भोज, शिक्षक निशु नागोत्रा,अभिषेक ताम्रकार, मुकेश अहीरवाल, सीताराम पटेल, रूपकिशोर विश्वकर्मा, रश्मी खरे, चंदा प्यासी, नासिर खान, राजुल जैन, हरिशंकर रैकवार उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में जिला स्तरीय युवा उत्सव की रूपांकन पक्ष की विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.पी.चौधरी के मुख्य आतिथ्य मैं दमोह जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अवधेश जैन के अनुसार क्ले मॉडलिंग में प्रथम स्थान आकांक्षा ठाकुर डॉ .विजय लाल स्मृति महाविद्यालय द्वितीय मोनिका अहिरवार प्रधानमंत्री ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालयदमोह, तृतीय क्रांति ठाकुर शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह।



कोलाज प्रतियोगिता मैं राजेश्वरी पटेल प्रथम शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह। पोस्टर निर्माण में अब्दुल जुबेर कुरेशी प्रथम ओजस्विनी कॉलेज आफ एक्सीलेंस, द्वितीय रीना कुमारी, तृतीय अल्जिया खान डॉ. विजय लाल स्मृति महाविद्यालय दमोह। स्पॉट पेंटिंग में साधना राज प्रथम प्रधानमंत्री ऑफ एक्सीलेंस कॉलेज दमोह। रंगोली में नवनीता वर्मा प्रथम शासकीय माधवराव सप्रे महाविद्यालय पथरिया, आस्था जैन द्वितीय डॉ विजय लाल स्मृति महाविद्यालय दमोह, जय नामदेव तृतीय शासकीय महाविद्यालय हटा। इन प्रतियोगिताओं के निर्णायकों में श्रीमती विभा पलनीटकर , श्रीमती नीता मिश्रा, श्रीमती अनीता मरौठी ,श्रीमती अनामिका जैन, श्रीमती सुरभि पलंदी, दिलीप नामदेव, भानु राजपूत, प्रकाश बाथरे रहे। इस अवसर पर दमोह जिले के विभिन्न महाविद्यालय के प्राध्यापक और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## हार्वेस्टर की टक्कर से वृद्ध की मौके पर मौत

**दमोह।** पटेरा रोड पर ग्राम ककरान के पास दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम भरतला निवासी जगना उर्फ कलुआ अहिरवार, जो कि सेवानिवृत्त होमगार्ड थे, अपनी बच्ची को बस में बैठाने भरतला से ककरान आए थे। इसी दौरान जब वे साइकिल से लौट रहे थे, तभी हिंडोरिया की ओर से आ रहे एक हार्वेस्टर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि जगना उर्फ कलुआ अहिरवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्काल हरकत दिखाते हुए हार्वेस्टर को पटेरा थाने के समीप पकड़ लिया। सूचना मिलते ही 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस ने वाहन और चालक को थाने में ले जाकर आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

## आंवला नवमी पर्व महिलाओं द्वारा की गई विशेष पूजा अर्चना



**हिंडोरिया।** अक्षय नवमी पर महिलाओं ने आंवले के पेड़ की पूजा अर्चना पूर्ण विधि विधान से की।और सूत का धागा आंवले के पेड़ में बांधकर परिक्रमा लगाकर परिवार की सुख शांति, खुशहाली, समृद्धि की कामना भगवान विष्णु से कर महिलाओं ने एक दूसरे को सुहाग सामग्री वितरित किए। महिलाएं अपने-अपने घरों से पकवान बना कर आंवला वृक्ष के नीचे ले गई और पूजन कर अपने परिवार के साथ बैठकर भोजन किया। पूजा कर रही बुजुर्ग महिलाओं ने बताया कि कार्तिक माह की नवमी पर आंवला वृक्ष के पूजन का पड़ा महत्त्व होता है। साथ ही भगवान विष्णु का पूजन किया जाता है। कहते हैं कि जो महिलाएं इस दिन आंवला पेड़ की पूजा कर भगवान को पकवान का भोग लगती हैं। और आंवला पेड़ के नीचे बैठ कर भोजन प्रसाद स्वरूप ग्रहण करती है। उसके जीवन में समृद्धि और खुशहाली आती है। इस दिन दान पुण्य करने से एवं आंवला फल का सेवन करने से अक्षय पुण्य मिलता है और समस्त पापों का नाश होता है। उक्त अवसर पर सुबह से महिलाओं की लंबी लंबी कतार पूजा करने के लिए लग रही सैकड़ों महिलाओं द्वारा आंवला वृक्ष की पूजा अर्चना की गई।

## हादसे में मृतकों के परिजनों को एक लाख रुपये तथा घायलों को 25 हजार रुपये की राहत राशि स्वीकृत

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया गत दिवस समन्ना बायपास के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो महिलाओं की दुखद मृत्यु हो गई तथा कई लोग घायल हुए हैं। उन्होने बताया कि घटना के समय वे पटेरा में मीटिंग ले रहे थे, तभी सूचना मिलते ही राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग को तत्काल राहत और बचाव कार्य के निर्देश दिए गए। निर्देश मिलते ही टीम ने मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस भेजी और घायलों का उपचार तत्परता से प्रारंभ किया। तीन लोगों को रेफर किया गया, जिनमें से एक को दुर्भाग्यवश बचाया नहीं जा सका। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा, मैं पूरे जिला प्रशासन की ओर से दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा प्रारंभिक सहायता के रूप में मृतकों के परिवारों को एक-एक लाख रुपये तथा घायलों को 25-25 हजार रुपये की राशि प्रदान की जा रही है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा, जो रेस ड्राइविंग कर रहे थे, उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है। आरटीओ द्वारा वाहन का परमिट निरस्त करने की कार्यवाही की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होने बताया कि ट्रैफिक, आरटीओ और पुलिस की संयुक्त टीम ने कल ही घटना स्थल का दौरा किया और अब वहां जिग-जैग बैरियर लगाए जा रहे हैं ताकि ओवरस्पीडिंग को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि यह स्थान पहले ब्लैक स्पॉट के रूप में दर्ज नहीं था, लेकिन अब प्रशासन सतर्कता बरतेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस और आरटीओ विभाग के माध्यम से ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग और रेस ड्राइविंग के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाएगा, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों।

**ट्रैफिक पुलिस और आरटीओ के माध्यम से ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग और रेस ड्राइविंग के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाएगा**

## आद्या तिवारी ने प्रदेश में प्रथम, राष्ट्रीय स्तर पर 12वां स्थान प्राप्त कर गौरव बढ़ाया



**रनेह।** जीडी स्कूल की छात्रा कुमारी आद्या तिवारी ने PSY (प्रतिभा सम्मान योजना) परीक्षा 2024-25 में मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान राष्ट्रीय स्तर पर 12वां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उल्लेखनीय है कि कुमारी आद्या तिवारी रनेह के समीपी ग्राम रमपुरा निवासी पं. रूपनारायण तिवारी श्रीमती मनीष तिवारी की नातिन पुत्र संदीप तिवारी तहसीलदार एवं पुत्रवधू जागृति तिवारी रजिस्ट्रार की पुत्री है। परीक्षा परिणाम आते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। तिवारी परिवार के शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए बिटिया आद्या के उज्जवल भविष्य की कामना की।